03.04.2026 आकाशवाणी मध्यप्रदेश 2.10PM

प्रादेशिक समाचार

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज उज्जैन के तारामंडल परिसर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन 'महाकाल: द मास्टर ऑफ टाइम' अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया। यह सम्मेलन 3 से 5 अप्रैल तक उज्जैन के समीप डोंगला डिजिटल प्लेनेटेरियम परिसर में आयोजित किया गया है। उद्घाटन सत्र में केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान और विचारक लेखक सुरेश सोनी भी शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने आयोजन के लिए बधाई देते हुए कहा कि उज्जैन सिर्फ धार्मिक नहीं बल्कि काल गणना की नगरी है।

भारतीय ज्ञान परंपरा और आधुनिक अंतरिक्ष विज्ञान के समन्वय पर केंद्रित यह सम्मेलन देश-विदेश के वैज्ञानिकों, खगोलविदों, शिक्षाविदों, शोधार्थियों, नीति-निर्माताओं तथा अंतरिक्ष क्षेत्र के विशेषज्ञों को शोध और विचार प्रस्तुत करने का साझा मंच उपलब्ध कराएगा।

दतिया विधायक

दतिया से कांग्रेस विधायक राजेंद्र भारती की विधानसभा सदस्यता रद्द कर दी गई है। राजेन्द्र भारती के विरुद्ध दिल्ली के राउज एवेन्यू जिला न्यायालय ने धोखाधड़ी के एक मामले में अपराध सिद्ध होने पर तीन वर्ष के कारावास की सजा सुनाई थी। जिसके बाद विधानसभा सचिवालय ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 8 के तहत राजेन्द्र भारती की विधान सभा की सदस्यता से निरर्हित करते हुए दतिया सीट को रिक्त घोषित कर दिया। विधानसभा सचिवालय की ओर से जारी विज्ञप्ति में बताया गया है कि उक्त जारी आदेश के पालन में दिनांक 2 अप्रैल 2026 को मध्य प्रदेश राजपत्र में सूचना प्रकाशित की गई है।

प्रधानमंत्री - गुड फ्राइडे

आज गुड फ्राइडे है। दुनियाभर में इस दिन प्रभु यीशु मसीह को सूली पर चढ़ाए जाने का स्मरण किया जाता है। गिरजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं की जा रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुड फ्राइडे के अवसर पर यीशु मसीह के बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि यह दिन लोगों को करुणा, क्षमा और सेवा के आदर्शों का पालन करने के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने इन मूल्यों को जीवन में अपनाने और समाज में शांति तथा भाईचारा बनाए रखने का संदेश दिया।
इस बीच, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने गुड फ्राइडे के अवसर पर यीशु मसीह के बलिदान को

याद किया।

इधर, प्रदेश में भी इस अवसर पर प्रमुख गिरजाघरों में इसाई समुदाय के लोग प्रार्थना कर रहे हैं।

मौसम

प्रदेश में ओले, बारिश और आंधी का स्ट्रॉन्ग सिस्टम सक्रिय है। आज सुबह भोपाल समेत कई जिलों में बादल छाए रहे। इससे पहले गुरुवार को प्रदेश के 15 से ज्यादा जिलों में कहीं बारिश हुई तो कहीं तेज आंधी चली। मौसम केंद्र, भोपाल ने आज 42 जिलों में आंधी, बारिश और ओलावृष्टि का अलर्ट जारी किया है। अलीराजपुर, धार, बड़वानी, खरगोन, खंडवा, बुरहानपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा और सिवनी में ऑरेंज अलर्ट है। वहीं, भोपाल, इंदौर, उज्जैन, जबलपुर, नीमच, मंदसौर, रतलाम, झाबुआ, आगर-मालवा, राजगढ़, शाजापुर, देवास, गुना, अशोकनगर, विदिशा, सीहोर, हरदा, बैतूल, नर्मदापुरम, रायसेन, सागर, निवाड़ी, टीकमगढ़, छतरपुर, दमोह, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडौरी, अनूपपुर, मंडला और बालाघाट में तेज आंधी चलने और बारिश होने की चेतावनी दी गई है।

आईपीएल

इंडियन प्रीमियर लीग- आई.पी.एल. क्रिकेट में आज चेन्नई सुपर किंग्स का मुकाबला पंजाब किंग्स से होगा। मैच चेन्नई के एम. ए. चिदंबरम स्टेडियम में शाम साढ़े सात बजे से खेला जाएगा। सनराइजर्स हैदराबाद ने कल रात कोलकाता के ईडन गार्डन्स में कोलकाता नाइट राइडर्स को 65 रन से हरा दिया। 227 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, कोलकाता नाइट राइडर्स 16 ओवर में 161 रन पर सिमट गई।

संक्षिप्त समाचार

- मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आगरमालवा जिला पंचायत स्थित आयुष भवन में गुरूवार को आयोजित किये गये आपदा प्रबंधन जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में वक्ताओं ने कहा कि आपदा से बचाव के लिए पूर्व तैयारी, जागरूकता और सतर्कता अत्यंत आवश्यक है।
- शिवपुरी में राष्ट्रीय मिशन ऑन इडिबल ऑयल-तिलहन योजना के तहत विकासखंड ब्लॉक परिसर में निःशुल्क मूंगफली बीज वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

- नर्मदापुरम जिले में डीजल, पेट्रोल, एलपीजी, पीएनजी और सीएनजी पेट्रोलियम पदार्थों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा आपूर्ति व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से कलेक्टर ने जिला स्तर पर एक समिति का गठन किया है।
- वर्ल्ड ऑटिज़्म अवेयरनेस के अवसर पर ऑटिज़्म जागरूकता को लेकर जबलपुर में कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम में बच्चों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं।
- पांढुर्णा जिले के चमत्कारिक जामसांवली हनुमान मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर ब़ड़ी संख्या में भक्तों ने भगवान के दर्शन किए।